श्री बालकवि बैरागी: माननीय सभापति महोदय, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि सूची में जो आपने राज्यवार सारे केन्द्र दिए हैं, इनमें से कितने केन्द्र, दोनों तरह के स्वीकृत कृषि विज्ञान और कृषि अनुसंधान केन्द्र, इस बजट ईयर में फंक्शन करना शुरू कर देंगे और कितने अगले बजट ईयर में फंक्शन करना शुरू कर देंगे?

SHRI AJIT SINGH: Sir, 25 KVKs have been sanctioned during the last 6-8 months. In the Tenth Plan, there is a provision for 66 KVKs, out of which 25 have already been sanctioned. It will take time, depending upon things, like acquiring land and other things, etc.

Rakes for animal fodder

*448. SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Andhra Pradesh has requested the South Central Railway to provide more rakes for transportation of animal fodder to drought affected areas in the State, free of cost; and

(b) if so, Government's response to the request?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI NITISH KUMAR): (a) and (b) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b) Andhra Pradesh Government had requested the Railways for transportation of Animal Fodder free of cost to drought affected areas in the State. Government of Andhra Pradesh was advised on 21.10.2002 that transportation of fodder free to the notified drought affected areas had already been permitted by Ministry of Railways for a period of two months from 31.8.2002 to 31.10.2002. This concession has further been extended up to 31.12.2002. So far no demand has been placed with the Railways.

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: Sir, since Andhra Pradesh is faced with severe drought, there is a scarcity of fodder. This question was put at that time also. While making the statement, the hon. Prime Minister, on 18th, had assured this House that till June, 2003, fodder will be allowed to be transported through railways, free of cost, But, today's

reply has not been updated. It has been stated in the reply that only up to 31st December, 2002, free transport will be made available. The answer has not been updated. As far as Andhra Pradesh is concerned, since there is a scarcity of fodder in the State, the State Government is trying to locate the areas where fodder is available. I would like to know from the hon. Minister whether there is any proposal with the Government to allow the Government of Andhra Pradesh to procure fodder from other States, free of cost.

श्री नीतीश कुमार: सभापति महोदय, रेलवे ने स्वयं अपने स्तर से यह निर्णय लिया कि जो भी सूखा प्रभावित इलाके हैं, वहां चारा और पानी रेलवे मुफ्त में ढोएगी और उसी के हिसाब से यह 31 अक्तूबर तक पहले था, इसको बढ़ा कर 31 दिसंबर तक किया गया। आवश्यकता पड़ने पर जैसा माननीय सदस्य ने कहा है, अगर सरकार का आदेश आता है तो जब तक आवश्यकता होगी तब तक इसको बढ़ाया जाएगा। जहां तक आन्ध्र प्रदेश का सवाल है, उनकी तरफ से कोई इंडेंट नहीं हुआ, लेकिन अगर दूसरे राज्य से भी चारा लाना चाहते हैं तो रेलवे वह इंतजाम भी मुफ्त कर देगी।

श्री सभापति: अब तो सैकंड की कोई आवश्यकता नहीं है।

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: Sir, I will reserve my second supplementary for the evening.

पुनर्वास के संबंध में आदिवासी संगठनों की ओर से ज्ञापन

*449. **श्री मोती लाल वोरा:**†
श्री मनमोहन सामल:

क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उनके मंत्रालय ने 3 मई, 2002 को सभी राज्यों के मुख्य सचिवों वन सचिवों और मुख्य वन अधिकारियों को यह पत्र लिखा था कि वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को हटा दिया जाए;

(ख) यदि हां, तो क्या ये आदेश उड़ीसा के आदिवासियों पर भी लागू होते हैं यदि हां, तो राज्य में इन आदेशों से कौन-कौन से क्षेत्र प्रभावित होंगे;

(ग) यदि हां, तो क्या मंत्रालय को इस संबंध में आदिवासियों के संगठनों से कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है;

(घ) सरकार द्वारा आदिवासियों के पुनर्वास और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं?

---

†सभा में यह प्रश्न श्री मोती लाल वोरा द्वारा पूछा गया।